दबंग City
इंदौर
मंगलवार, 14 अक्टूबर 2014

आरकेडीएफ कॉलेज में साइबर क्राइम से सतर्क रहने के दिए टिप्स

इंटरनेट पर न दें खुद की पूरी जानकारी

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

पीआरटीएस के निदेशक वरुण कपूर ने आरकेडीएफ कॉलेज में साइबर क्राइम पर व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें उन्होंने स्टूडेंट्स को साइबर क्राइम से सतर्क रहने की जानकारी दी। इस दौरान स्टूडेंट्स ने उनसे बातचीत की और अपनी जिज्ञासा शांत की। वरुण कपूर ने विभिन्न अवैध व्यापार के प्रकार और कैसे वे युवाओं को आकर्षित करते हैं और अवैध डीलरों व उनसे सतर्क रहने के बारे में विस्तार से समझाया। पुलिस अधीक्षक संदीप गोयनका ने वेब मेल, फेसबुक, ट्वीटर, बैंक परिचालनों के पासवर्ड में किस तरह सतर्कता बरतें इस पर सुझाव देते हुए कहा इंटरनेट पर स्वयं के बारे में पूरी जानकारी नहीं देना चाहिए और स्टूडेंट्स को अपने व्यक्तिगत डाटा को भी नेट पर साझा करने में बहुत सावधानी बरतना चाहिए। अतिथि स्वागत ग्रुप के संचालक डॉ. एनके दुबे और ग्रुप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपिका पाठक ने किया। आभार सीईओ रंगनाथ ने माना।